Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 14-03-2022 | अंक 168

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

### कुत्ता के काटने से चार घायल







बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहार पंचायत के देवचंदा गांव में एक पागल कुत्ता ने चार लोगो को काट लिया। जिसमे अरविंद कुमार उम्र 2 वर्ष, क्रांति देवी 24 वर्ष, निरंजन सिंह 50 वर्ष एवं देवधारी सिंह 90 वर्षीय शामिल है। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया

## सूचना

आप सभी को सूचित किया जाता है की कल सुबह 10:30 बजे वीर कुंवर सिंह पथ में स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में सद्भावना विकास मंच के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने दी है।








सोएब अख्तर के कलम से

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती

कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,

क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो,

जब तक न सफल हो, नींद चौन को त्यागो तुम,

संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम,

कुछ किये बिना ही जय जय कार नहीं होती,

कोशिश करने वालों की हार नहीं

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल को जिला से मिला ऑटो बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन, डीएस प्रकाश ज्ञानी ने किया शुभारंभ

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को जिला स्वास्थ्य विभाग ने ऑटो बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन उपलब्ध कराया। जिसका शुभारंभ अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस प्रकाश ज्ञानी ने किया । साथ ही साथ उन्होंने कहा की फुल ऑटो एनालाइजर का बड़ा फायदा यह है कि इसमें एक साथ अनेक नमूनों का जांच किया जा सकता है। साथ ही जांच में भी प्रमाणिकता और सटीकता रहती है। इसके चालू होने पर समय की काफी बचत भी होगी। इससे लैब के कर्मियों को काम के दबाव से राहत मिलेगी, वहीं रोगियों को अपने रिपोर्ट के लिए घंटो तक इंतजार भी नही करना पड़ेगा। जानकारों के अनुसार मशीन से बायो केमिस्ट्री के अंतर्गत आने वाली जांच होती है। जिसमे प्रमुख रूप से लीवर, किडनी, हृदय सहित अन्य सामान्य जांच भी शामिल है। इस मशीन से जांच रिपोर्ट कंप्यूटर कि स्क्रीन पर भी नजर



बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन का शुभारंभ करते डीएस डॉ ज्ञानी एवं अन्य

आती है। मौके पर बीपीएम नारायण राम, लिपिक पंकज कुमार, प्रहलाद कुमार, डॉक्टर अमन कुमार, डॉक्टर एजाज, लैब टेक्नीशियन से अनीता कुमारी एवं विष्णु कुमार, मो शाहिद अली, महादेव राम, नरेश कुमार एवं कुलदीप कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

# लोकतंत्र में सभी स्वतंत्र, कोई भी लड़ सकता है चुनाव : उमेश प्रताप प्रेस क्लब हजारीबाग की कमेटी भंग

## प्रेस क्लब चुनाव के लिए पर्यवेक्षक टीम गठित पर्यवेक्षक नियुक्त, अनुशासन समिति गठित

अपेम लाइव : हजारीबाग





होली मिलन समारोह में देखते ही बनी पत्रकारों की होली मिलन समारोह हजारीबाग। तमाम किंतु–परंतु पर विराम लगते हुए हजारीबाग के पत्रकारों की एकजुटता देखते ही बनी। मौका था प्रेस क्लब हजारीबाग की आमसभा और होली मिलन समारोह का। रविवार को यह कार्यक्रम संत राबर्ट बालिका उच्च विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम का शुभा. रंभ अध्यक्ष उमेश प्रताप, उमेंश राणा, विकास सिंह, प्रसन्न मिश्र, मिथलेश मिश्र, सहदेव प्रसाद लोहानी, कृष्णा प्रजापति, जावेद इस्लाम समेत कई वरिष्ठ पत्रकारों ने सामूहिक दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया आमसभा में प्रेस क्लब हजारीबाग की पुरानी कमेटी भंग की घोषणा अध्यक्ष उमेश प्रताप ने की। इसके साथ ही अब चुनाव होगा। चुनाव की जिम्मेवारी पर्यवेक्षक के कंधों पर दी गई। अभिजीत सेन, डॉ. जफरूल्लाह सादिक, गजेंद्र सिंह, सलाउद्दीन और प्रकाश पांडेय को रखा गया है। वहीं अनुशासन समिति में सहदेव प्रसाद लोहानी, डा. प्रमोद कुमार, श्रीकांत शर्मा, परवेज आलम, उमेश कुमार, गौरव सहाय, राकेश कुमार रखे गए। पर्यवेक्षक चुनाव तिथि की घोषणा जल्द ही करेंगे। इससे पहले अध्यक्षीय भाषण में प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि लोकतंत्र में सबकी भागीदारी समान है। सभी स्वतंत्र हैं। कोई भी चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने सभी पत्रकारों को एक मंच पर आने के लिए साधुवाद देते हुए अभिनंदन किया। साथ ही एकजुटता की ताकत और राज बताई। उन्होंने प्रखंडों के पत्रकारों की सामूहिक भागीदारी और समर्थन व सहयोग पर खुशी जताई। उन्होंने घोषणा की कि हर प्रखंड से चुनकर आनेवाले पत्रकार को प्रेस क्लब हजारीबाग कार्यकारिणी में सीधी इंट्री मिलेगी। सचिव मिथिलेश मिश्र ने प्रेस क्लब हजारीबाग की पिछली और वर्तमान उपलब्धियों को विस्तार से बताया। साथ ही एकजुटता पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम को कई पत्रकारों ने संबोधित किया। मंच संचालन मो.सलाउद्दीन ने किया। पत्रकार सम्मानित रू समारोह में कई वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। खूब उड़े अबीर–गुलाल रू संत राबर्ट बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में प्रेस क्लब के सदस्यों ने खूब अबीर–गुलाल उड़ाए। गिले–शिकवे दूर करते हुए एक–दूजे के गले मिल फगुआ की बधाई दी। फिर सामूहिक भोज का लुत्फ उठाया। मौके पर बरही, बरकट्ठा, पदमा, सदर, दारू, टाटीझरिया, चौपारण, बड़कागांव, केरेडारी, चुरचू, मांडू, कटकमदाग, कटकमसांडी, चरही, इचाक अंचल के बड़ी संख्या में पत्रकारों ने अपनी उपस्थिति रखीमौके पर कृष्णा प्रजापति, दयानंद चौरसिया, सुनील कुमार, रियाज खान, सुरेंद्र ठाकुर, सोनू पंडित, रितेश कुमार, अनुज कुमार, ईश्वर यादव, संतोष कुमार, पंकज कुमार, योगेंद्र कुमार, पंकज कुमार, धनंजय कुमार, विकास कुमार एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# आर्यभट्ट संस्थान ने दी 10 वीं एवं 12 वीं के बच्चो को विदाई, बताए गए परीक्षा में सफलता की टिप्स

## संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करता है आर्यभट्ट संस्थानः राजसिंह चौहान




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड स्थित प्रतिष्ठित संस्थान दी आर्य भट्ट इंस्टीव्यूट के द्वारा प्लस टू उच्च विद्यालय में विदाई सह होली मिलन समाहरोह मनाया गया । जिसमें दसवीं एवं बारहवीं की विद्यार्थियों को आरती की थाली से तिलक एवं अबीर लगाकर एवं सभी बच्चों को डॉक्यूमेंट फाइल गिफ्ट दे कर विदाई दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि +2 उच्च विद्यालय के अध्यक्ष नरेश सिंह,बरही पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, संस्थान के संचालक अरुण शर्मा , उप संचालक कुंदन कुमार, शिक्षक रमेश महतो , कमलकांत, निशी राणा, नितेश गौस्वामी, नीतू यादव,रूपा प्रजापति, अकक०उंटेंट सिमा याद आदि ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। । कार्यक्रम का संचालन संस्थान के उप संचालक कुंदन कुमार ने किया। संस्थान से लगभग 207 विद्यार्थियों को विदाई दी गई। मुख्य अतिथि राज सिंह चौहान ने कहा की पढ़ाई के साथ साथ संस्कार की भी जरूरत होती है जो आपको आर्यभट्ट संस्थान की ओर से दिया जाता है। विशिष्ट अतिथि बरही पश्चिमी मुखिया रमेश ठाकुर ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा मानव उत्थान के लिए बहुत जरूरी है एवं वैश्विक महामारी के बाद शिक्षा एक बहुत बड़ी चुनौती बन गई है और इस चुनौती के बीच आपका मेहनत रंग लाएगा। प्लस टू उच्च विद्यालय के अध्यक्ष नरेश सिंह ने कहा कि शिक्षा के आधार पर ही हम अपने परिवार के सपनों को साकार कर सकते हैं एवं समाज में एक नई मुकाम हासिल कर सकते हैं। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि आर्यभट्ट संस्थान बरही के क्षेत्र में आपको उच्च शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं व्यवहारिक ज्ञान देने का प्रयास करता है हमारे संस्थान के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा आपको क्रमबद्ध ज्ञान एवं टेस्ट के साथ-साथ आपकी समस्याओं का समाधान करवाया जाता हैं।हमारे संस्थान विगत 10 सालों से ट०पर रिजल्ट देता आया है और इस वर्ष भी हमारे शिक्षकों एवं संस्थान का मेहनत और विद्यार्थियों की मेहनत रंग लाएगी और सफलता की परचम जिला और राज्य में लहराएंगे। संस्थान के उपसंचालक कुंदन कुमार ने कहा की आर्यभट्ट संस्थान पेरेंट्स एवं बच्चों का एक विश्वास है यह संस्थान नहीं यह एक परिवार है। जिसमें बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव नए तौर-तरीकों से बच्चों को अध्ययन एवं शैक्षणिक भ्रमण के साथ-साथ जीवन के महत्व के बारे में बताया जाता है।10वीं एवं 12वीं की क्लास प्रारंभ हो चुकी है।जिन विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करनी हो वह आर्यभट्ट संस्थान के ऑफिस में आकर विजिट करें कार्यक्रम में उपस्थित कुल विद्यार्थियों की संख्या 500 थी जिसमें 207 विद्यार्थियों को विदाई दी गई जूनियर विद्यार्थियों के द्वारा नृत्य संगीत एवं भाषण की प्रस्तुतीकरण किया गया एवं कुछ बच्चे संस्थान की विशेषता को बताते हुए भावुक हो उठे एवं अपने विचारों को साझा किए।

# 25 दिन के अंदर एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से सकते में हैं कोल्हुवाकला का एक परिवार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


मृतको की फ़ाइल फ़ोटो

कोल्हुवाकला में एक परिवार में मात्र 25 दिनों के अंदर तीन तीन लोगों की मौत हो गई। एक साथ तीन लोगों की मौत से जहां परिवार वालो पर मानो दुखो का पहाड़ गिर गया हो। वहीं गांव के लोग भी घटना से हतप्रभ हैं। ज्ञात हो को 13 मार्च को सामाजिक कार्यकर्ता 70 वर्षीय जागो ठाकुर का निधन हो गया। इसके पूर्व 22 फरवरी को जागो ठाकुर की पत्नी दारो देवी का भी देहांत हो गया था। वहीं पिछले नौ मार्च को जागो ठाकुर का चचेरा भाई वार्ड सदस्य तुलसी ठाकुर का भी निधन हो गया। मात्र 25 दिनों के अंदर तीन तीन लोगों की मौत से पूरा गांव में शोक की लहर है। कुछ लोगो का कहना है कि पत्नी की देहांत के बाद उनके शोक में उनके पति भी मात्र 19 दिन में भी स्वर्ग सिधार गए। सूचना पर बरही के सामा. जिक कार्यकर्ता बिरजू पासवान शोक संतप्त परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# कृषक मित्रो ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड स्थित कृषि सहकारिता भवन में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुरेश प्रसाद कुशवाहा ने किया। इस बैठक में मुख्यता संगठन विस्तार तथा संगठन मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही 22 मार्च को रांची महाधरना में भागा लेने पर चर्चा किया गया। वही बैठक के अंत में होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया जहां बैठक में सभी उपस्थित ला. `गो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर लालधारी कुमार, बहादुर पासवान, नान्हू यादव, रा. जेंद्र प्रसाद, विनोद कुमार, रवि कुमार, सोनी देवी, बेबी कुमारी, सुनीता देवी, संजू देवी एवं रघुनंदन यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।






## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum










इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है, संकल्पों से यारी है



विकास, समृद्धि और खुशहाली की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## उरवां में उज्ज्वल दीप इंडिया निधि लिमिटेड ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ, भाजपा नेता कृष्णा यादव ने किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : चंदवारा**




चंदवारा प्रखंड अंतर्गत उरवां मोड़ के समीप उज्ज्वल दीप इंडिया निधि लिमिटेड के तहत ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के युवा नेता कृष्णा यादव ने फीता काटकर किया। साथ ही उन्होंने सभी संबोधित करते हुए कहा की इस ग्राहक सेवा केंद्र के खुलने से आस पास के लोगो को इसका लाभ अवश्य मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा की यहां के ग्रामीणों को पहले हर छोटी बड़ी कामों के लिए बैंक जाना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें छोटे छोटे कामों के लिए बैंक जाना नहीं होगा, यहां के ग्रामीण आसानी से अब सारा काम इसी ग्राहक सेवा केंद्र से निपटा सकेंगे। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इस ग्राहक सेवा केंद्र से लोगो को बहुत सारा लाभ दिया जाएगा। जिसमे सेविंग अकाउंट, एफ डी अकाउंट, करेंट अकाउंट, आरडी अकाउंट, एमआईएस अकाउंट, ग्रुप लोन, पर्सनल लोन एवं होम लोन की सु. विधा है। मौके पर झारखंड क०रपोरेट ऑफिस के राज्य हेड अशोक दास, सद्दाम अंसारी, सहिस्ता प्रवीण, तमन्ना प्रवीण, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक अर्जुन दास, सहयोगी शंकर चौधरी, प्रदीप पासवान, दीपक दास, विक्की दास, ललिता देवी, राजिया प्रवीण एवं अर्जुन दास मुख्य रूप से मौजूद थे।

## स्कुल वैन पेड़ से टकराई चालक समेत दर्जन भर बच्चे घायल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल मुमार**



बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया गयपहाड़ी झुरझुरी पीडब्ल्यूडी रोड़ स्थित दिव्यांग पब्लिक स्कूल का स्कूल वैन जेएच 02 एआर 0745 ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में टक्कर मार दी जिससे वैन में सवार लक्ष्मी कुमारी, 13 वर्षीय सचिन कुमार दोनों के पिता मनोज पंडित,7 वर्षीय रौशन कुमार पिता मनोज पंडित सलैया,10 वर्षीय पूजा कुमारी पिता प्रकाश पंडित, 5 वर्षीय सोनू कुमार पिता प्रकाश पंडित झिंगी बराय,7 वर्षीय रमन राज पिता राजेन्द्र प्रसाद , मोनिका कुमारी पिता राजेन्द्र प्रसाद सिम. राटांड़ गैयपहाडी, सोनू कुमार पिता टेकलाल प्रसाद गैयपहाडी ,आनंद कुमार पिता राजकुमार प्रसाद गैयपहाडी, शिवम कुमार पिता टेकलाल प्रसाद घायल हो गए घटना के बाद जैसे ही खबर फैली लोग परेशान हो गए आनन फानन में सभी घायलों को सामुदायिक अस्पताल बरकट्ठा पहुचाया गया ।घटना स्थल पर बरकट्ठा पुलिस पहुंची । घायल स्कूली बच्चो को देखकर ग्रामीणों में काफी आक्रा. `श है लोगो ने कहा क्षमता से अधिक बच्चो को बैठने से ज्यादा समस्या है वही लोगो ने इसकी जांच कर कड़ी कारवाई करने की मांग प्रशासन से की ।

## सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित करेगा झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ

### बीआरसी में बैठक सम्पन्न, रंग अबीर लगाकर एक दूसरे को होली का दिया बधाई

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ चौपारण इकाई की बैठक बीआरसी कार्यालय चौपारण में सम्पन्न हुवा। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद सिंह ने व संचालन बसंत दास ने किया। बैठक में शिक्षको ने निर्णय कई बिंदुओं पर चर्चा किया जिसमें कोरोना काल में विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों का शैक्षणिक स्तर में आई कमियो को दूर करना और विद्यालय में स्वस्थ समृद्धि शैक्षणिक माहौल का निर्माण हो तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाए। पीएफएमएस द्वारा भुगतान में आ रही दिक. कतों को दूर करना। साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। संगठन की मजबूती पर बल दिया गया द्वनए सदस्यों को सदस्यता दी गई। संगठन के रिक्त अंकेक्षक पद पर राजू ठाकुर मध्य विद्यालय केदली कला को नियुक्त किया गया अंत में होली मिलन समारोह का आयोजन सभी शिक्षकों के द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार के द्वारा किया गया
इस बैठक में प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, प्रखंड सचिव सुबोध कुमार सिंह, उपसचिव अनुज वैदय, संरक्षक ओंकार नाथ सिंह, कोषा अध्यक्ष संजय कुमार, उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार वर्मा, बसंत कुमार दास, प्रवक्ता रंजीत कुमार, प्रवीण कुमार गुप्ता, अभिमन्यु कुमार गौतम, अशोक दांगी, कैलाश कुमार, दीपक कुमार सिन्हा, रविंद्र कुमार, पंकज कुमार, उत्तम कुमार पा. सवान, आलोक प्रियदर्शी, हरेंद्र विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, रजनीश कुमार, मुकेश कुमार, प्रमोद सिंह,चंदन प्रधान, पंकज कुमार, रंजीत कुमार यादव, आदी शिक्षकों ने भाग लियाद्य




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह ने आयोजन किया डिस्ट्रिक्ट आई एस ओ मीट पृशा का

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**





आजरविवार को इनर व्हील क्लब गिरिडीह द्वारा होटल गार्डन व्यू में आई एस ओ मीट श्पृशा एक सुखद एहसास १ का आयोजन किया गया। इसमें बिहार और झारखंड के प्रत्येक शहर की लगभग 200 इनर व्हील सदस्याएँ सम्मिलित हुईं ।कार्यक्रम की शुरुआत डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन पूनम ठाकुर ,डिस्ट्रिक्ट के अन्य पदा. धिकारियों और सभी क्लब आई एस ओ के द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई ।सृष्टि राजेश और साक्षी राजेश ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया ।इवेंट चेयरमैन शबाना रब्बानी ने सभी क्लबों से आई हुई सदस्याओं का औपचारिक स्वागत किया ।कार्यक्रम की कन्वीनर डिस्ट्रिक्ट आई एस ओ रश्मि गुप्ता ने सभी गणमान्य अतिथियों को क्लब की ओर से अंगवस्त्र भेंट देकर सम्मा. मित किया । 2022 -23 की अंतर्राष्ट्रीय इनर वहील एडिटर पास्ट एसोसिएशन प्रेसिडेंट प्रभा रघुनन्दन ने यूनीक एम्बेसडर अ०फ फ्रेंडशिप, सर्विस एंड ब्रांडिंग की जानकारी दी । उसके बाद ड०क्टर मधुश्री सेन सान्याल ,प्रभा रघुन. न्दन और मौसुमि सरकार ने फागुन पर एक रबीन्द्र संगीत और और रश्मि गुप्ता ,उमा गुप्ता ,चंचल भदानी और ड०क्टर पायल वर्मा ने होली पर खोरठा लोकगीत प्रस्तुत किया । इसके बाद विभिन्न क्लबों की सदस्याओं के बीच होली और फागुन सम्ब. न्धित लोकगीत प्रतियोगिता हुई विभिन्न क्लबों की सदस्याओं के बीच इनर व्हील विज्ञापन की प्रतियो. गिता हुई जिसमे सदस्याएँ एक एक करके मंच पर आईं और इनर व्हील की ब्रांडिंग के लिए स्लोगन और कविताएं बोली । इनर व्हील क्लब गिरिडीह की पास्ट प्रेसिडेंट चंचल भदानी ,स्मृति गुप्ता ,रुचि तर्वे और दीक्षा बैशखियार ने नारी शक्ति पर एक खु. बसुरत नृत्य प्रस्तुत किया उसके बाद क्लब आई एस ओ के बीच श्पहचान कौन प्रतिभाशाली नारीश प्रतियो. गिता करवाई गई ।इस प्रतियोगिता में सभी क्लब आई एस ओ ने प्रसिद्ध महिलाओं का भेष धारण कर उनकी एक्टिंग की । डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन पूनम ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि गिरिडीह इनर व्हील क्लब ने बहुत ही अच्छे तरीके से इस कार्यक्रम का आयोजन किया है । अंत मे बेस्ट ड्रेस्ड क्लब की प्रतियोगिता करवाई गई । डिस्ट्रिक्ट की ओर से डिस्ट्रिक्ट वाईस चेयरमैन ड०क्टर रीटा झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा क्लब की ओर से क्लब की वाईस प्रेसिडेंट रेखा तर्वे ने धन्यवाद ज्ञापन किया । अंत में सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया । सारे जहाँ से अच्छा इनर व्हील क्लब हमारा गीत से कार्यक्रम का समापन हुआ ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इनर व्हील क्लब गिरिडीह की सभी सदस्याओं का पूर्ण सहयोग रहा ।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने संत गाडगे बाबा की 146 वीं जयंती सह होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाई गई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



अखिल भारतीय धोबी महासंघ केरेडारी प्रखण्ड इकाई के बैनर तले संत गाडगे बाबा की 146 वी जयन्ती सह होली मिलन समारोह राजकीय विद्यालय पुरनी पेटो के प्रांगण में में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष रामावतार रजक ने की। जिस दौरान उन्होंने संत गाडगे बाबा और संविधान निर्माता देशरत्न ड० भीम. राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्पण और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मंच का संचालन मुकेश आनन्द एवं चन्द्रिका रजक संयुक्त रूप से उत्साह बढ़ाते हुए किया। मौजूद वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ,नशा मुक्ति, दहेज प्रथा, अंधविश्वास, रुढिवादिता से दूर रहना तथा संगठन की मजबूती पर बिशेष रूप से चर्चा की। साथ ही कार्यक्रम में बच्चों महिलाओं और छात्र-छात्राओं के लिए डांस,क्विज, कविता पाठ,स्वागत गान इत्यादि इवेंट के माध्यम से पुरुस्कार वितरण कर सबों का हौसला बढ़ाया गया। अंततः केरेडारी प्रखण्ड के रंजीत रजक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात आयोजन के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, चतरा डी वाई एस पी केदार नाथ राम, पुलिस अनुदेशक धर्मेंद्र रजक मंचासीन थे। वहीं विशिष्ट अतिथि माननीय ज़िला परिषद कौलेश्वर रजक ,कटकमसांडी मुखिया सरिता देवी, अति विशिष्ट अतिथि माननीय ज़िला अध्यक्ष अमरेन्द्र रजक, जिला सचिव महादेव रजक,ज़िला कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार रजक, ज़िला उपाध्यक्ष रामचन्द्र मणिलाल की। उपस्थित अतिथियों में देवकी रजक, दशरथ रजक, अर्जुन रजक,केरेडारी प्रखण्ड के सचिव महेंद्र रजक, रामदेव रजक,केरेडारी प्रखण्ड के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वर्षा कुमारी, सचिव प्रीति कुमारी,कोषाध्यक्ष राधा कुमारी, ममता कुमारी, संजय रजक के अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## होली मिलान समारोह में झूमे कांग्रेसी, रंग-गुलाल लगाकर एक दूसरे को दी शुभकामना

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



पंकरी बरवाडीह स्थित विधायक के अर्धनिर्मित आवास में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामना दी। साथ ही, लोगों से सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की। मौके पर होली के गीतों पर कार्यकर्ता जमकर झूमे। समारोह में उपस्थित विधायक अम्बा प्रसाद के भाई अंकित राज उर्फ सुमित ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन लोग गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे के गले मिलते हैं। उन्होंने होली के दौरान पानी कम खर्च करने की अपील की और तिलक होली खेलने की सलाह दी है ताकि जल का संरक्षण किया जा सके। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद ने मिल जुलकर होली मनाने की अपील करते हुए कहा महंगाई अधिक है, इसलिए आस पास के कमजोर ला. ेगों की मदद करें। समारोह में बड़कागाँव के एके राज म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा होली के गीतों पर मौजूद लोगों को झुमाते रहे। इस दौरान महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने भी समारोह का आनंद लिया। मौके पर विधायक अम्बा प्रसाद, इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज, प्रखं अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, अब्द. ुल्ला, जमाल सगीर, पदुम साव, गिरेन्द्र प्रसाद, पंकज कुमार, संजय कुमार महतो ,सुरेश प्रसाद, जूठन साव, कुलेश्वर राम, आनंद कुमार, अजित महतो, नेमधारी राम, राजेश रजक, दिनेश साव, रोहित कुमार, के अलावा दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## प्रभु श्री श्याम के भव्य निशान यात्रा का बड़ा बाजार यूथ विंग ने फूलों की होली एवं इत्र वर्षा से किया स्वागत

### जय श्री श्याम के जयकारों के बीच श्याम प्रेमियों के बीच फूलों की होली एवं इत्र वर्षा किया गया

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



श्री श्याम भक्त परिवार द्वारा आयोजित फागुन शुक्ल पक्ष की एकादशी पर भव्य निशान ध्वज यात्रा निकाला गया। जिसका सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने वाले बड़ा बाजार यूथ विंग के पदा. धिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा हजारीबाग के झंडा चौक पर फूलों की होली एवं इत्र वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारी एवं सदस्य ने बाबा का दीदार कर बाबा से आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्यों को श्री श्याम नाम का पट्टा उठाकर उनका अभिनंदन किया गया ।सभी श्याम प्रेमी बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए भव्य शोभायात्रा का आनंद ले रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं लाल- पीली साड़ी में एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए। कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने में :- अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया,रितेश खण्डेलवाल, संयोजक सह कार्यक्रम प्रभारी विकास केसरी, सहसंयोजक जयनंदन सिन्हा, यूथ विंग की महिला सदस्य रुचि कुजूर, अनूप राजेश लकड़ा, विजय अग्रवाल,अतिशय जैन सहित कई लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खण्डेलवाल ने सभी श्याम प्रेमियों को फागुन एकादशी की बधाई देते हुए कहा कि श्री श्याम भक्त परिवार द्वारा आयोजित भव्य निशान ध्वज यात्रा का स्वागत व अभिनंदन करने का हम सभी बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों ने सदस्यों को सौभाग्य प्राप्त हुआ बाबा की कृपा से। बाबा का आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग की महिला सदस्य रुचि कुजुर ने कहा कि बड़ा बाजार युथ विंग सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है यह सब बाबा के आशीर्वाद एवं आपसभी के स्नेह से हो पा रहा है।

## पोखन राणा ने श्मशान घाट सेवा समिति को एक ट्रैक्टर लकड़ी दान किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




मौके पर उपस्थित श्मशान घाट सेवा समिति के लोग

बड़कागांव थाना के समीप संचालित आरा मशीन के प्रोपराइटर पोखन राणा के द्वारा श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में समिति को एक ट्रैक्टर लकड़ी दान किया गया। उक्त पुण्य कार्य के लिए समिति के द्वारा दानकर्ता का आभार व्यक्त किया गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य बैजनाथ महतो ने कहा कि श्मशान घाट सेवा समिति के द्वारा किए जा रहे पुण्य कार्य में हम सभी बढ़-चढ़कर समिति का सहयोग करें। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अभिषेक कुमार यादव उर्फ बिट्टू, सुरेंद्र कुमार ,बैजनाथ महतो ,रा. जेश गुप्ता, विष्णु रजक, पंकज गुप्ता, दिलीप कुमार महतो, मीनू महतो अलावा कई लोग उपस्थित थे।

दिनांकः 14-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## सांढ़ गांव के पंडरी तलाब जीर्णोद्धार का विधायक ने की शिलान्यास किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ गांव के होरम मोड़ के निकट दुंदवा गड़ा स्थित पंडरी पोखर तलाब का जीर्णोद्धार के लिए विधायक अंबा प्रसाद द्वारा नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। उक्त तालाब का जीर्णोद्धार राज संपोषित योजना अंतर्गत लघु सिंच. ाई विभाग हजारीबाग के कार्यपालक अभियंता के नेतृत्व में शिवम कंस्ट्रक्शन के माध्यम से किया जाना है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि तालाब का सुंदरीकरण एवं गहराई करण होने से यहां के ग्रामीणों का काफी लाभ होगा। कृषि सिंचाई के साथ-साथ मत्स्य पालन कर राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया भिखन महतो, सहायक अभियंता कामलेश ओझा, कनीय अभियंता किशोर चंद्र पटेल, विधायक प्रति. निधि संजय महतो, प्रशास. निक प्रभारी गिरेंद्र प्रसाद, सुरेश महतो, संवेदक अजीत कुमार ,उपेंद्र कुमार वर्मा, शेख अब्दुल्ला, पदुम साव,विजय पासवान,अहमद उल्लाह,संजय महतो,पंकज कुमार, पारसनाथ महतो,लीलावती देवी, पूनम देवी सहायक,राजीव रंजन,तापेश्वर कुमार, देवेंद्र कुमार,एसआई शैलेंद्र कुमार, जमादार आनंद मोहन सिंह, के अलावा अन्य उपस्थित थे।



शिलान्यास करते विधायक अंबा प्रसाद

## ट्रैक्टर यूनियन बड़कागांव के द्वारा होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



होराम के मोहडरवा में ट्रैक्टर यूनियन बड़कागांव के अध्यक्ष पंकज ठाकुर के नेतृत्व में होली मिलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद एवं इंटक के महासचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने यूनियन के सभी सदस्यों को मजबूती के साथ एकजुटता बनाए रखने की बात की। यूनियन के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं होली शांतिपूर्ण सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान जय किशन ट्रेडर्स ब्ल०क मोड डेंगा के प्रोपराइटर ऋषि कुमार के द्वारा घोषणा किया गया कि जो भी किसान बड़कागांव ब्रांच से नया ट्रैक्टर खरीदेंगे उन्हें दो सर्विस कीट बिल. कुल मुफ्त ट्रैक्टर लेते समय दिया जाएगा। वहीं,होली के अवसर पर नायरा एनर्जी लिमिटेड डेंगा के संचालक अरविंद कुमार के द्वारा पेट्रोल एवं डीजल लेने वाले ग्राहकों के लिए बंपर पुरस्कार की घोषणा की।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से ट्रैक्टर यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष पंकज ठाकुर, रंजीत चोबे, सोनू इराकी, कौलेश्वर साव, बासमती देवी, धर्मेंद्र प्रसाद केदार साव, मोहित कुमार, भीम प्रकाश, ऋषि कुमार प्रकाश कुमार,संदीप कुमार,उपेंद्र कुमार,कृष्णा कुमार, देव नारायण महतो, भीखन महतो,रामधनी महतो, रेखा कुमारी, सुनीता देवी, सोहनलाल मेहता, बंटी कुमार, रोहित राज, राज कुमार साव, प्रवेश आलम के अलावा दर्जनों लोगों ने योगदान दिया।

# अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त है हजारीबाग की रामनवमी

## अंबा प्रसाद ने मांगी जुलूस निकालने की अनुमति, सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मिलकर हजारीबाग रामनवमी जुलूस की अनुमति प्रदान करने की मांग ज्ञापन सौंपा कर ध्यान आकृष्ट किया । ज्ञापन में हजारीबाग रामनवमी की मंगला, नवमी, दशमी और एकादशी जुलूस की अनुमति प्रदान करने हेतु मांग की। विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि हजारीबाग की रामनवमी काफी ऐतिहा. सिक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है तथा हजारीबाग की रामनवमी की विश्व भर में एक अलग ही पहचान है। हजारीबाग वासी मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों का पालन करते हुए विगत 100 वर्षों से भी अधिक समय से रामनवमी का महा पर्व ध. ूमधाम से एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाते आ रहे हैं हजारीबाग का रामनवमी का पर्व स्थानीय लोगों के लिए श्रद्धा और भक्ति आम जनमानस के रग-रग में बसा हुआ है तथा इस पर्व को देखने के लिए देश के अन्य राज्यों समेत विदेशों से भी पर्यटकों का आगमन होता हैद्य उन्होंने मुख्यमंत्री जी को बताया कि होली के तुरंत बाद परंपरागत रूप से प्रत्येक मंगलवार को भव्य तरीके से पूजा पाठ एवं जुलूस का आयोजन होता है तथा रामनवमी के भव्य आयोजन से स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का साधन भी मुहैया होती है इसीलिए मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के भक्तों की भावना का ख्याल रखते हुए जुलूस पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने एवं जुलूस की अनुमति प्रदान करने की मांग की है।

## आदिवासी छात्र संघ मांग करता है स्थानीय नियोजन नीति जल्द से जल्द लागू करें हेमंत सोरेन सरकार

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



आज दिनांक 14/03/2022 को आदिवासी छात्र संघ हजारीबाग द्वारा संत कोल. ंबस क०लेज चौक से झंडा चौक तक खतियानी पैदल मार्च का आयोजन किया गया और सरकार और विपक्ष का पुतला दहन किया गया । इस मौके पर अध्यक्ष श्री विक्की कुमार धान ने कहा - हेमंत सोरेन से बहुत उम्मीद है पर हेमंत सोरेन झारखण्ड वासियों के उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाए आज हेमंत सोरेन सिर्फ बहरियो के लिए काम कर रहे हैं उनको झारखंडियों से ज्यादा भरोसा बहरियों पर है इसी कारण से वे 1932 के आधार पर स्थानिया और नियोजन नीति बनने से कतरा रहा है आज झारखंड में बाहरियों का मनोबल बहुत बढ़ चुका है जिसका जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ हेमंत सोरेन है क्योंकी जितने भी नीति सरकार बना रहा वो बहरियों को खुस करने के लिए बनया जा रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण है बहरी भाषा को सामिल करना है , हेमंत सोरेन यथाशीघ्र होश में आ जाए वरना आने वाला समय में उनको यहां के लोग कुर्सी से उतर देंगे । उपाध्यक्ष आनंद मरांडी ने कहा - हेमंत सोरेन ने युवाओं के साथ छल किया है उन्होंने अभी तक एक भी बहाली ढंग से नहीं लिया क्योंकि यहां का स्थानीय और नियोजन नीति ही परिभाषित नहीं है सरकार जल्द से जल्द 1932 खतियान लागू कर युवाओं को रोजगार देने का काम करें आज झारखंड के विभिन्न विभागों में 200000 से भी अधिक बैकल०ग रिक्तियां हैं अगर यह रिक्तियां भर जाती है तो हर आदिवासी परिवार में एक सरकारी नौकरी होगा पर इसके लिए हेमंत सोरेन को हिम्मत दिखाना होगा आदिवासी छात्र संघ बैकल०ग वैकेंसी की नियुक्ति की मांग करता है अगर हमारी यह मांग पूरा नहीं हुआ तो पूरा आदिवासी समाज हेमंत सोरेन खिलाफ विद्रोह कर देगा। उपाध्यक्ष विक्की करमाली ने कहा झारखंड में सबसे अधिक सरना धर्म को माना जाता है लेकिन जितने भी सरकार आज तक आई सभी ने सरना धर्म कोड के नाम पर आदिवासियों को ठगने का काम किया है हम सरकार से मांग करते हैं कि सरकार झारखंड के जाति प्रमाण पत्र में पहले की भांति पुणे सरना धर्म को दर्ज करें और झारखंड की जितने भी सरकारी फ०र्म हैं सभी में सरना धर्म का जिक्र किया जाएगा हेमंत सोरेन सत्ता में आने से पहले सरना धर्म कोड लागू कराने का वादा किया था पर आज तक सरना धर्म कोड मैं कुछ काम नहीं हुआ है सरकार यथाशीघ्र इस दिशा में काम करें और आदिवासियों को उचित हद दिलाएं महासचिव अर्जुन उरांव ने कहा - आज झारखंड में बेरोजगारी चरम पर है और सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है आज जब युवा सरकार से नौकरी मांगने जाते हैं तो उन्हें लाठी-डंडों से पीटा जाता है झारखंडी युवाओं को अपमा. नित किया जाता है अगर इसी तरह से झारखंडी युवाओं को बेरोजगार रखा गया तो सरकार को आने वाले समय में सारे युवा मिलकर इनको बेरोजगार बना देंगे सरकार जल्द से जल्द अपने सारे वादों को पूरा करें 1932 के खतियान के आधार पर जितना जल्दी हो सके स्थानीय नियोजन नीति बनाएं सरना धर्म कोड जल्द से जल्द लागू करें हेमंत सोरेन को शायद यह अंदाजा नहीं होगा झारखंडी लोग उनसे कितने नाराज हैं अभी भी समय है सब कुछ ठीक हो सकता है वरना आने वाला समय में वजूद खत्म हो जाएगा । संत कोलंबस क०लेज समिति अध्यक्ष राहुल वांडो ने कहा - आज झारखंड में जितने भी राजनीतिक पार्टियां हैं सभी में बहरीयो जमावड़ा है और कोई भी राजनीतिक दल झारखंडियों का भला नहीं सोचते अब समय आ गया है की झारखंड के युवा एक अपना नया विकल्प तैयार करें क्योंकि जहां जवानी चलता है वही हवा चलता है और वही सत्ता भी आता है झारखंडी युवा जिसे चाहे उसे झारखंडी गद्दी में बैठा सकते हैं आदिवासी छात्र संघ इस दिशा में युवाओं को जागरूक करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से संत कोलंबस क०लेज कमेटी सचिव सुरज उरांव , आदिवासी नेता अनिल तिर्की , रांची जिला अध्यक्ष प्रभात तिर्की, रांची जिला उपाध्यक्ष संजू उरांव, केंद्रीय सदस्या संगम उरांव, रांची जिला उपाध्यक्ष राजू उरांव, मंडार क०लेज उपसचीव सनी उरांव, रांची विस्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव, रांची जिला सचिव संदीप उरांव, गुमला जिला संयोजक अनूप उरांव, सदानंद एक्का , सुरज उरांव , , दिनेश कुमार , किरण मुंडा केंद्रीय सरना ट्रस्ट सचिव , सुधीर टा. ेप्पो , राजेश उरांव, विफा उरांव , पुष्पा धान व टंडवा और कुडूवा , बड़कागांव , कटकमदाग कटकमसांडी सैकड़ों छात्र नौजवान युवा भाग लिया

## भाजपा मंडल कार्यालय गांवा में विजय उत्सव सह होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



भाजपा मंडल कार्यालय गांवा में सोमवार को विजय उत्सव सह होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव उप. स्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारीयो ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर किए उसके बाद चौती गीतों का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के गीतों का कार्यकर्ताओं ने खूब आनंद लिए। सांसद प्रतिनिधि श्री राम यादव, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद आदि अनेकों कार्यकर्ता गीत गा रहे थे व नृत्य कर रहे थे। सभी होली के आनंद में झूम रहे थे, सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभक. ामनाएं दिए। वही सांसद प्रतिनिधि ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम लोग होली मिलन समारोह गांवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के कार्यकर्ताओं, अतिथियों के साथ मिलकर हमलोग होली मिलन समारोह मना रहे हैं। उन्होंने मंच के माध्यम से प्रखंड के सभी गांव कस्बे के लोगों को भी होली का हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। मौके पर मुन्ना सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, विशाल पांडे, विशाल राणा, पवन सिंह, नवनीत सिंह, सौदागर साव, मनोज यादव आदि दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## अफीम माफियाओं के खिलाफ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### 10 किलो 520 ग्राम गीला अफीम के साथ दो तस्कर एवं तस्करी में प्रयुक्त बाइक हुई बरामद

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा पुलिस आरक्षी अधीक्षक को अफीम माफियाओं के विरुद्ध एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है।।आरक्षी अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर थाना क्षेत्र के अमकुदर गांव से अफीम तस्कर मफीम लेकर कोल्हैया की तरफ से तस्करी के लिए ले जा रहे हैं।जिसके बाद पुलिस ने मामले की सत्यापन के लिए एस डी पी ओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में राजपुर थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान ने कोल्हैया के रेंज आफिस के समीप जांच किये।जिसमे अमकुदर तरफ से आ रहे एक साइन होंडा बाइक पुलिस को देख कर दो युवक भागने लगे जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ ली।और जांच के क्रम में बाइक से दो प्लास्टिक के जरकिन में गीला अफीम एवं दो तस्कर एक बाइक बरामद किया गया।इसकी जानकारी सदर थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर सिमरिया एस डी पी ओ अशोक प्रियदर्शी ने दी।प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि चतरा पुलिस चतरा में लगातार अफीम माफियाओं के खिलाफ़ अभियान चला रही है।किसी भी सूरत में माफियाओं को पुलिस नहीं बख्शेगी।इधर राजपुर थाना के नए थाना प्रभारी के मजबूत सूचना तंत्र और बेहतर पुलिसिंग के कारण अफीम के तस्करों में हड़कम्प मचा हुआ है।अभियान में थाना प्रभारी विकास पासवान के अलावा सब इंस्पेक्टर विकास यादव,शिव शाह,जिला बल के जवान उपस्थित थे।

## गैस चुल्हा जलाने के दौरान आग लगने से झुलसी युवती, किया गया रेफर

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा थाना क्षेत्र के हरनी निवासी समिदा खातून पिता नूर आलम उम्र 18 वर्ष सोमवार को घर मे गैस चूल्हा जलाने के दौरान आग लगने से बुरी तरह झुलस गई। बताया जाता है कि समीदा खातून अपने के रसोई में खाना बनाने के लिए गैस चूल्हे को जलाया। इस दौरान गैस चूल्हे में लगी पाइप से गैस अचानक निकलने लगी और तभी पाइप से निकल रही गैस में आग भड़क गई जिससे वहां खड़ी समीदा के पैर बुरी तरह झुलस गए। बाद में परिजनों ने गैस सिलेंडर को पाइप सहित खेतों की तरफ फेंक दिया। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। गणिमत रहा की गैस सिलेंडर फटा नही समय रहते परिवार वाले आग बुझाने में कामयाब रहे तत्पश्चात ग्रामिणों के सहयोग से 108 के मध्यम से समुदायिक स्वास्थ केन्द्र गांवा लाया गया जहां डॉ० चंद्रमोहन कुमार ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गिरीडीह भेज दिया गया।

## शायल के महाबीर मंदिर के खाता 68 ट्रस्ट के जमीन पर भूमाफिया के पैनी नजर

### माफियाओं द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्मित मकान के कार्य को प्रशासान ने करवाया बन्द

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी प्रखंड के पुराने प्रखंड कार्यालय के समीप महावीर मंदिर के जमीन को लेकर दो पक्षों में सोमवार को जमकर तू-तू मैं-मैं हुई।हलाकि प्रखंड प्रशासन एवं राजपुर पुलिस के द्वारा मकान निर्माण को समय रहते रोक दिया गया। बताते चलें कि शायल बगीचे के महावीर मंदिर के समीप स्थित खाता नंबर 68 की जमीन को कुछ लोगों ने महावीर मंदिर के जमीन बता रहे हैं, और महावीर मंदिर के ट्रस्ट में अध्यक्ष राजेंद्र सिंह का कहना है कि यह जमीन खतियान में महावीर मंदिर और महाद्वीप थान के नाम से दर्ज है। यह जमीन सरक. ारी जमीन है एवं यह ट्रस्ट में दिया गया है। जिसे कुछ भू माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से फर्जी के केवाला दिखा कर जमीन पर घर मकान बनाने की तैयारी कर रहे हैं। सोमवार को जब उक्त खाते के जमीन पर मकान निर्माण किया जा रहा था तो ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं कुछ ग्रामीणों ने इसकी जानकारी आवेदन के माध्यम से अंचल अधिकारी कान्हाचट्टी सी ओ एवं रा. जपुर पुलिस को दी। वही इसकी जानकारी अध्यक्ष के द्वारा एल आर डी सी को भी दिया गया। जिसके बाद अंचल अधिकारी के निर्देश पर अंचल निरीक्षक अभय रंजन एवं राजपुर थाना प्रभारी विकास पा. सवान के निर्देश पर ए एस आई शिव शाह एवं वीरेंद्र ठाकुर ने सायल बगीचे में घटनास्थल पर आकर कार्य को बंद करवाया। बताते चलें कि उक्त जमीन को लेकर कभी भी दो पक्षों में खून खराबा हो सकता है। इधर दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि जमीन को हम ला. ेगों ने केवाला के माध्यम से प्राप्त किया हूं। हालांकि अंचल अधिकारी हुलास महतो ने कार्य को बंद कराते हुए अंचल में दोनों पक्षों से कागज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया

## कोविड काल में बेहतर कार्य करने वाली महिला कर्मियों को किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



सोमवार को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर प्रभारी चिकित्सक डॉ० चंद्रमोहन कुमार ने कोरोना काल में बेहतर कार्य करने वाली दर्जनों महिला आंग. नबाड़ी सेविका, सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके प्रभारी चिकित्सक ने कहा कि पुरुष एवं महिला में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। महिलाओं के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं हो बल्कि इन्हें सम्मान देना चाहिए। आज महिला पुरुषों से किसी मामले में पीछे नहीं हैं। वह पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। अंत में सहीया दीदी सेविका एवं पोषण सखियां के बीच रंग गुलाल लगाकर व होली गीत गाकर होली मिलन समारोह भी मनाया गया। मौके पर बीपीएम प्रमोद कुमार बरनवाल, बीटीटी राजदा खातून, सेविका संजू देवी, गुलशन आरा, सुनीता देवी, रेनू देवी, सहिया अनु देवी, नुसरत परवीन, निर्मला देवी, पोषण सखी रिंकी श्रीवास्तव, पूजा विश्वकर्मा, सरिता स्वर्णकार, तमन्ना प्रवीण आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## होली में हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग

विष्णुगढ़ थाना परिसर में होली एवं शबेबरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता सीओ रामबालक कुमार ने किया। बैठक में दोनों समुदायों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सीओ ने कहा कि होली आपसी मतभेदों को भुलाकर गले लगाने का त्योहार है। यह पर्व हमें एकजुट एवं प्रेम का संदेश देता है। इस बीच समाज में कुछ असामाजिक तत्व के लोग बाधक बनते हैं। होली में शराब पीकर हुड़दंग करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजे का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। जबरन रंग लगाने वालों को भी शिकायत मिलने पर बख्शा नहीं जाएगा। व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से भी टीका टिप्पणी से बचना है। सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट करने वाले कानूनन दोषीवार होंगे। बैठक में दोनों समुदायों से भी कई लोगों ने अपने विचार रखे। कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल ने कई पंचायतों के मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थित नहीं रहने पर असंतोष जताया। मौके पर पुअनि बीरबल करमाली, उपप्रमुख सुशील मंडल, राजू श्रीवास्तव, गुरू प्रसाद साव, रीना बर्मन, उमा देवी, अब्बास अंसारी, मौजम हुसैन, मिठू यादव, विशेश्वर स्वर्णकार, कैलाश महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## इलेक्ट्रिक दुकान का किया ऊद्घाटन :-माले नेता मुस्तकीम अन्सारी

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत के चिरुडीह गाँव के को हुसैनी मो. हल्ला में माले नेता मुस. तकीम अन्सारी के मौजूदा में हाजी हनीफ मिया ने आपने प्रवित्र हाथो से फीता काटकर इलेक्ट्रिक दुकान का उदघाटन किया गया। जिसमें उपस्थित रहे माले नेता मुस्तकीम अन्सारी, बलगो मुखिया जानकी रजक,बलगो पंचायत समिति प्रतिनिधि अली असगर,रंजीत सिंह संजय राय,इंद्रदेव सिंह, डॉ कलीम, डॉ यूनुस अन्सारी हैदर अली,डॉमंसूर,करीमउद्दीन अन्सारी आदि उपस्थित रहे।जानकारी के मुताबिक बता दे कि दुकान संचालक ने बताया कि इस क्षेत्र में सबसे बढ़िया और उचित दामो में सभी सामग्री दिया जाएगा।साथ मे सभी प्रकार का इलेक्ट्रिक सामग्री को मरम्मत भी किया जायेगा। वही इस दुकान से लोगो को समय की बचत होगा वही किसी भी प्रकार का कोई भी इलेक्ट्रिक समान खराब होने पर लोगो को गिरिडीह जाना पड़ता था। अब इस दुकान लोगो को गिरिडीह जाने की जरूरत ना पड़े।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू में साइंस प्रदर्शनी का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



एस एस पब्लिक स्कूल चुरचू में विद्यार्थियों के अंदर संरचनात्मक गुण उत्पन्न करने को लेकर साइंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के द्वारा अलग-अलग साइंस प्रा.ेजेक्ट प्रस्तुत किया गया। बच्चों को प्रोजेक्ट तैयार करवाने में संतोष नारायण तिवारी एवं उमेश कुशवाहा का अहम योगदान रहा। जिसमें 8 क्लास की छात्रा पूजा कुमारी व दिव्या कुमारी के द्वारा तैयार किया गया सोलर पर आधारित सिंचाई सिस्टम को खूब सराहा गया। वहीं, राहुल कुमार और शुभम कुमार के अलावा दर्जनों विद्यार्थियों के द्वारा भी काफी सराहनीय प्रोजेक्ट तैयार किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष नारायण तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में कुछ नया करने का प्रोत्साहन मिलता है। और बच्चों में कुछ अलग करने की ललक जगती है। मौके पर मुख्य रूप से संतोष नारायण तिवारी, उमेश कुशवाहा, रितेश कु. ठाकुर, रंजन दास, कुतुब अंसारी, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद मिनहाज, खुशबू कुमारी, तमन्ना परवीन, मोनिका देवी,प्रमोद कुमार,पूनम देवी के अलावा सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गावां में विभिन्न रोगों की जांच और जागरूकता को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां के सभागार में सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी सहिया दीदी को विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच करने और लोगों को जागरूक करने की प्रशिक्षण दी गयी। इस दौरान एमटीएस मोहम्मद कमर ने उन्हें मलेरिया, फाइलेरिया, चिकनगुनियां, डेंगू, कालाजार आदि कई रोगों के बारे में विस्तार से चर्चा कर जानकारी दी गयी और उन रोगों के जांच के लिए उन्हें मलेरिया फ०रमेट एवं ब्लड स्लाइड कीट दिया गया और कहा गया कि वे लोग अपने अपने क्षेत्र में जाकर उक्त रोगों की जांच करें और लोगों को चिन्हित करें कि कितने लोग किस रोग से ग्रसित है। साथ ही क्षेत्र के लोगों को उन रोगों के प्रति जागरूक करने को कहा गया। मौके पर डर चंद्रमोहन कुमार, बीपीएम प्रमोद कुमार बरनवाल, बीटीटी राजदा खातून, से. विका संजू देवी, गुलशन आरा, सुनीता देवी, रेणु देवी, अनु देवी, नुसरत प्रवीण, निर्मला देवी, सरिता स्वर्णकार, रिंकी श्रीवास्तव, पूजा विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## बरनवाल महिला समिति के होली मिलन में खूब उड़े अबीर-गुलाल

### सांस्कृतिक गीत, संगीत व नृत्य पर झूमते रहे लोग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में बरनवाल महिला समिति के होली मिलन समारोह में मौजूद महिलाए

बरनवाल महिला समिति विष्णुगढ़ कमेटी द्वारा होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरनवाल सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरूआत आदिपुरूष अहिबरन जी के चित्र पर श्रद्धासुमन तथा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मिलन समारोह से पूर्व समाज के बच्चे-बच्चियों एवं महिलाओं द्वारा प्रस्तुत विविध गीत-संगीत कार्यक्रम ने माहौल को होलीमय बना दिया। फगुवा गीतों के अलावा विविध सांस्कृतिक गीतों पर लोग खूब झूमते रहे। कई लोगों ने नृत्य की भी प्रस्तुति दी। इसके उपरांत महिलाओं ने एक दूसरे को अबील गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कोषाध्यक्ष प्रिया बरनवाल ने कहा कि होली का त्योहार पुराने मतभेदों को भुलाकर एक होने का त्योहार है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। समाज में भी लोगों को एक दूसरे से प्रेम एवं सहयोग की जरूरत होती है। हौसला, एकता और संगठन से हरेक बाधाओं को दूर किया जा सकता है। अंत में प्रतियोगिता में शामिल लोगों की हौसला आफजाई के लिए कमेटी ने आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बबीता बरनवाल ने की। आयोजन में उपाध्यक्ष बीना बरनवाल, संगीता रानी, सचिव ममता रानी, दीपा बर्णवाल, सीमा बरनवाल, मीडिया प्रभारी शालिनी बरनवाल समेत कई सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## बसरिया में उड़ा रंग और अबीर भाजपाइयों ने खेली होली, कार्यकर्ताओं संग झूमे पूर्व विधायक

### सारे गीले शिकवे भुलाकर सभी एक दूसरे के सहयोग बने : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा बसरिया में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला महामंत्री सुनील साहू, उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रामस्वरूप पा. सवान, सांसद प्रतिनिधि रा. जेन्द्र चंद्रवंशी, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव सहित अन्य। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने सबको होली की शुभकामनाएँ देते हुए कामना किया कि सबके जीवन खुशियों से भर जाए। कहा गीले शिकवे भुलाकर सब कोई एक दूसरे के सहयोगी बने। कार्यक्रम का आकर्षण भा. जपा कार्यकर्ताओं संग पूर्व विधायक व अन्य नेताओं को झूमना। जिला अध्यक्ष ने कहा पूरा देश चार दिन पूर्व से ही होली के रंग में रंगा हुवा है। इससे पूर्व भोजपुरी गायक मंटू दाँगी ने फगुवा गीत गाकर व सबको अबीर गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुरुवात किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह व अतिथियो का स्वागत मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता के अगुवाई में किया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सुरेश साव महामंत्री रामआशीष सिंह, बालेश्वर साव, अर. विंद सिंह, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, ओबीसी मा.ेर्चा मंडल अध्यक्ष राजकुमार यादव, बिनोद यादव, मुखिया पप्पू रजक, मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक, सुखदेव पासवान, भुनेश्वर यादव उर्फ पहलवान जी, सुखदेव साव, मंटू सिंह, युवा नेता कृष्णा यादव, भजपुरी भा. जपा नेता सतेंद्र सिंह, बलराम दाँगी, रेवाशंकर साव, सियाराम सिंह, रामचन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, सुनील सिंह, बिरेंद चनद्रवंशी, सहदेव यादव, दिनेश यादव, उमेश साव, प्रमोद सिंह, श्रीकांत सिंह, नरेंद्र पांडेय, राजकुमार रविदास, टुनटुन रविदास, सुदीप सिंह, मंटू सिंह, कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मोर्चा से विजय यादव, उपेंद्र प्रजापति, मुक.ेश सिंह, सुभाष राणा, पिन्टू सोनी, राकेश रंजन, विजय साव, मुकेश केशरी, गुड्डू रविदास, आदि ने महती भूमिका निभाया।

## सर्वमंगलकूट फैक्ट्री में हुए हादसे में तीन मजदूरों की गई जान

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मंजझलाडीह स्थित सर्वमंगला कूट फैक्ट्री में दीवार गिरने से हुई दर्दनाक हादसे में तीन मजदूरों की जान चली गई। मृत मजदूरों की पहचान मोहम्मद बजरूल मोहम्मद शहाबुद्दीन और रेखा हंसदा के रुप में की गई। हादसे में कई और मजदूरों के घायल होने की सूचना मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्ट्री के अंदर चाहरदीवारी और नाली निर्माण कार्य चल रहा था साथ ही जेसीबी मशीन से खाली जगहों में मिट्टी भराई कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान अर्ध. निर्मित दीवार ढह गई जिसमे तीनो मजदुर दब कर बुरी तरह घायल हो गए। आनन फानन में इलाज हेतु गिरिडीह के नवजीवन नर्सिंग होम लाया गया जहां ड०क्टरों ने जांच कर तीनो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर डीएसपी संजय राणा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह मुफ्फसिल थाना प्रभारी विनय राम सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की विस्तृत जानकारी ली। मृतकों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना स्थल पर सूचना पाकर झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह शाहनवाज अंसारी कोंग्रेस नेता सतीश केडिया घटना स्थल पर पहुंचे। ख़बर मिलने तक फैक्ट्री प्रबंधन से मुआवजे को लेकर वार्ता चल रही थी

